नगर निगम की दुकान आवंटन में 'गोलमाल', हंगामा

विवाद

हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता। नगर निगम में दुकान आवंटन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जेल रोड चौराहे पर निर्माणाधीन दुकान को गुपचुप तरीके से आवंटित करने का मामला सामने आया है। इसके लिए सोमवार को बोर्ड बैठक में पार्षदों ने हंगामा कर जांच की मांग उठाई। तब तक आवंटन की कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की गई। मामला कालाढूंगी रोड से जुड़े हीरानगर वार्ड का है। बोर्ड बैठक में स्थानीय पार्षद शैलेंद्र दानू ने कहा कि जेल रोड तिराहे में नगर निगम की दुकान की छत पर नई दुकान का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए नियमानुसार सार्वजनिक सूचना तक जारी नहीं की गई। हल्द्वानी में नगण्य प्रसार वाले एक समाचार पत्र में इसके लिए नोटिस जारी कर दिया गया, जिससे किसी को भी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद दुकान का आवंटन भी एक व्यक्ति को 751544 रुपये में कर दिया। वहीं स्थानीय पार्षद होने के बाद भी उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं मिली। आरटीआई से जानकारी मांगने पर इस बात का खुलासा हुआ। उन्होंने सवाल उठाया कि बैठक में पास हुए बिना दुकानें कैसे बांट दीं? जो वित्तीय अनियमितता का मामला है इसकी जांच होनी चाहिए। आवंटन निरस्त करने की मांग को पार्षद शैलेंद्र दानू, राजेंद्र जीना, निर्मला तिवारी, सलमान सिद्दीकी, सलीम सैफी, तनुजा जोशी ने ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया, आवंटन नियमानुसार हुआ है। पार्षदों की आपत्ति पर बोर्ड के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।


हल्द्वानी में सोमवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक में सवाल पूछतीं पार्षद भागीरथी बिष्ट।

एक पार्षद के करीबी को दुकान देने का खेल !

दुकान आवंटन में नगर निगम के एक पार्षद की संलिप्तता का मामला सामने आ रहा है। आरोप लगाने वाले पार्षदों ने बताया कि संबंधित पार्षद ने निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर अपने करीबी को दुकान आवंटन कराने के लिए यह गोलमाल किया है। इसकी जांच जरूरी है।

निर्माण समिति में नहीं रखा गया मामला

निगम क्षेत्र में निर्माण कार्यों को बनाई समिति के सामने जेल रोड चौराहे में बनाई जा रही दुकान का मामला नहीं रखा गया। समिति सदस्य सलीम सैफी ने बताया, किसी भी बैठक में इसके लिए प्रस्ताव नहीं रखा गया। उन्हें भी अब जानकारी मिली है।

कम्युनिटी हॉल व पार्कों के संचालन की होगी जांच, काठगोदाम में छात्रावास निर्माण समेत 18 प्रस्तावों पर मुहर

बोर्ड बैठक में अव्यवस्थाओं और उखड़ी सड़कों पर बिफरे पार्षद

आक्रोश

हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता। नगर निगम सभागार में सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक में 18 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक की शुरुआत में मेयर गजराज बिष्ट ने मनोनीत पार्षद दिनेश बिष्ट और संजय भोजक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इसके बाद वार्ड 56 मानपुर की पार्षद भागीरथी बिष्ट ने वार्ड में बदहाल सफाई व्यवस्था और टूटी सड़कों के विरोध में मंच के सामने धरना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम के कर्मचारी वार्ड में नहीं पहुंचते और सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे जनता परेशान है। अन्य पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों की समस्याएं जोर-शोर से उठाईं। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर टोलिया, सहायक अभियंता नवल नौटियाल, गणेश भट्ट, ईश्वरी प्रसाद पंत, महेश पाठक, अमोल असवाल चतर सिंह सहित अधिकारी रहे।


हल्द्वानी में सोमवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों के सवाल का जवाब देते मेयर गजराज सिंह बिष्ट।

त्योहार पर व्यापारियों को राहत और टैक्स में छूट

नगर निगम की बोर्ड में मेयर ने निर्देश दिए की दीवाली पर अतिक्रमण या अभियानों के नाम पर छोटे दुकानदारों को परेशान नहीं किया जाएगा। मेयर ने कहा कि व्यापारियों की उम्मीदों को देखते हुए किसी नुकसान से बचाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही नगर निगम के नए वार्डों के व्यावसायिक भवनों को 31 दिसंबर तक बिना जुर्माने के टैक्स जमा करने की छूट मिलेगी, जिसके बाद कोई छूट नहीं दी जाएगी।

100 छात्राओं के लिए काठगोदाम में बनेगा छात्रावास

निगम अनुसूचित जाति की छात्राओं के लिए काठगोदाम इंटर कॉलेज की भूमि पर छात्रावास का निर्माण करेगा। यहां पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं को कम शुल्क में जगह मिलेगी। बैठक में इसका प्रस्ताव पास किया गया।

विभागीय अधिकारियों को जारी होंगे नोटिस

बैठक की जानकारी देने के बाद सोमवार को किसी भी संबंधित विभाग का अधिकारी और कर्मचारी नहीं पहुंचा। इसके लिए मेयर बिष्ट ने नगर आयुक्त को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिससे अगली बैठक में पार्षदों के सवालों का जवाब अधिकारी दे सकें।

यूयूएसडीए बनाएगा 28 नई सड़कों को

नए वार्डों में शहरी विकास एजेंसी पेयजल लाइन बिछा कर सड़कों का पुनर्निर्माण कर रही है। वहीं 28 बिना निर्माण की कच्ची सड़कों को लाइन बिछा कर छोड़ दिया है। अब इसके लिए निगम यूयूएसडीए को सभी सड़कों का निर्माण करने को पत्र भेजेगा।

ये प्रस्ताव हुए मंजूर

- 10 हजार स्ट्रीट लाइटों की होगी खरीद
- पुराना मीट मार्केट, गली नंबर 12, वनभूलपुरा में पुनर्निर्माण।
- नगर निगम की परिसंपत्तियों का सर्वे कर होगा डॉक्यूमेंटेशन
- कबाड़ी के ट्रेड लाइसेंस का शुल्क 5000, बढ़ई के मैनुअल व्यवसायी का 5,000 और मशीनी व्यवसाय पर 8000 रुपये होगा।
- सेवानिवृत्त हो रहे पर्यावरण मित्रों के स्थान और भंग स्वच्छता समितियों की जगह नई समितियों का गठन।
- नगर निगम इंटर कॉलेज के अध्यापकों की होगी वेतन वृद्धि।
- शनि बाजार रोड में चौड़ीकरण के कारण ध्वस्त दुकानों का होगा पुनर्निर्माण।
- गौला रोखड़ स्थित झील विकास प्राधिकरण की भूमि पर लगेगा प्लास्टिक प्रोसेसिंग प्लांट।
- तीन माह का विशेष सफाई अभियान एवं मानसून काल में बनेगी एक विशेष सफाई टीम।

अनियमितता मिली तो खत्म होगा अनुबंध

नगर निगम के कम्युनिटी हॉल व पार्कों के संचालन के लिए अनुबंध पर निजी समितियों को सौंपा गया है। अब निगम की टीम संचालन की जांच करेगी। जांच में अनियमितता मिलने पर अनुबंध खत्म कर निगम अपने नियंत्रण में लेगा।

शहर 30 S

गोवत्स द्वादशी पर्व पांच को मनाया जाएगा

नैनीताल। इस वर्ष रमा एकादशी व्रत और गोवत्स द्वादशी पर्व 5 नवंबर को एक साथ मनाए जाएंगे। आचार्य पंडित प्रकाश जोशी के अनुसार, पंचांग के तहत एकादशी तिथि सुबह 10:10 बजे तक रहेगी, जिसके बाद द्वादशी तिथि शुरू होगी। चंद्रमा सुबह 9:34 बजे सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। मान्यतानुसार, रमा एकादशी का व्रत रखने से समस्त पापों का नाश होता है और भगवान विष्णु की विशेष कृपा मिलती है।

कालाढूंगी में विहिप ने लगाया रक्तदान शिविर

कालाढूंगी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सोमवार को 1990 अयोध्या कारसेवा के बलिदानियों की याद में सोमवार को सीएचसी कालाढूंगी में रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 45 लोगों ने रक्तदान किया। आयोजकों ने इसे महादान बताते हुए मानवता का संदेश दिया। शिविर में डॉक्टर अल्माष, सरिता रावत, दलीप बिष्ट, हरीश जोशी, वेद प्रकाश, दीपक कुमार, प्रकाश ने सहयोग किया। यहां ताराचंद, चंद्र मोहन जोशी, गिरीश पडलिया, मुदित कुमटिया, गोविंद सिंह रहे।

संगठन मंत्री ने लगाया आरोप

हल्द्वानी। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का अंदरूनी विवाद गहरा गया है। संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार ने कुछ पदाधिकारियों पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। श्रम निदेशालय को सौंपे पत्र में उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हो चुके कार्मिक नियमों के खिलाफ पदों पर काबिज हैं। वहीं, उनके पूर्व में अस्वीकार किए गए त्यागपत्र का आधार बनाकर उन्हें पद से हटा दिया गया है, जो अनुचित है। उन्होंने सेवानिवृत्त कार्मिकों पर रोक लगाने की मांग की है।

काम की खबरें

1 बेस अस्पताल में आज मिलेंगे त्वचा रोग विशेषज्ञ

हल्द्वानी। बेस अस्पताल में मंगलवार को त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष मेरिया की ओपीडी रहेगी। पीएमएस डॉ. एमके तिवारी ने बताया कि बीडी पांडे अस्पताल से संबंधित आदेश न होने के कारण डॉ. मेरिया मंगलवार को यहीं ओपीडी संचालित करेंगे।

2 एसटीएच में गठिया की ओपीडी हर गुरुवार को

हल्द्वानी। एसटीएच में अब हर गुरुवार सुबह 10 से 12 बजे तक मेडिसिन ओपीडी के कमरा नंबर 3 में गठिया की ओपीडी होगी। गठिया विशेषज्ञ डॉ. परमजीत सिंह ने बताया कि जोड़ों में दर्द, सूजन या अकड़न की समस्या वाले मरीज यहां जांच करा सकते हैं।

3 आज लगेगी डाक अदालत

हल्द्वानी। नैनीताल मंडल के प्रवर अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार सुबह 11 बजे मासिक डाक अदालत लगेगी। इसमें रजिस्ट्री, पार्सल, वीपी, मनीऑर्डर, बचत खाते से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई होगी। 2 नवंबर तक शिकायती पत्र जमा करने वाले उपभोक्ता अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

आज का मौसम

20.0° अधिकतम | 14.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 06:26। सूर्यास्त: 17:24

अनुमान: मौसम आंशिक रूप से साफ रहने के साथ बूंदाबांदी की संभावना।

ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग
द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड-248171

प्रकाशन नोटिस
ओ0ए0 संख्या 152/2026

ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 के सेक्शन 19 के सब-सेक्शन (4) सपठित उप नियम (2ए) के नियम 5 समय-समय पर संशोधित ऋण वसूली ट्रिब्यूनल (प्रोसीजर) नियम 1993 के अधीन उपस्थित होने की सूचना

डी.वाई. संख्या 990/2026 दिनांक: **16.09.2026**

बैंक ऑफ बड़ौदा बनाम मैसर्स श्री जी इंटरप्राइजेज एवं अन्य

1. **मेसर्स श्री जी इंटरप्राइजेज (प्रोप्राइटरशिप फर्म) श्री अमित शर्मा (एकमात्र मालिक) के माध्यम से। खेत नंबर- 611, शुक्ला फार्म, किच्छा बाईपास रोड एमजी हेक्टर शोरूम के पास, तहसील+ पो.ओ.-रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड - 263153**
2. **श्री. अमित शर्मा पुत्र श्री अशोक शर्मा निवासी मकान नं. जी-24, आइडिया कॉलोनी, लालपुर पी.ओ.-लालपुर, तहसील-किच्छा, जिला -उधम सिंह नगर, उत्तराखंड 263148**
   इसके अलावा: मकान नं. 792/8, एस्कॉर्ट कॉलोनी, गांव +पो.ओ.- दादरी, रेलवे रोड, जिला. गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 203207

जहाँ कि उपरोक्त वर्णित आवेदक बैंक ने आपके विरूद्ध **रू. 22,96,011.61/-** की वसूली हेतु **ओ0ए0 सं0 152/2026** संस्थित किया है, जिसमें कि माननीय न्यायाधिकरण ने ऋण वसूली एवं दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के सम्मन/नोटिस जारी किया था जो कि माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष **08.09.2026** को सूचीबद्ध किया गया था।

यह कि, माननीय ट्रिब्यूनल इस बात से सन्तुष्ट है कि सामान्य तरीके से मांग नोटिस जारी किया जाना संभव नहीं है, इसलिए इस प्रकाशन के जरिये दी जा रही सूचना के द्वारा आपको निर्देशित किया जाता है कि आप **दि0 07.12.2026 को सुबह 10:30 बजे** अथवा इससे पूर्व आप स्वयं व्यक्तिगत रुप से अथवा अपने अधिकृत एजेण्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से माननीय ट्रिब्यूनल में उपस्थित हों। इसके अलावा, आपको यह दिखाने की आवश्यकता है कि ओ0ए0 में दी गई राहत की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए और सेट में एक पेपर बुक फॉर्म में अपने बचाव में और यदि कोई हो, तो सभी दस्तावेजों और शपथ पत्रों के तहत अपने बचाव में दायर करें। व्यक्तिगत रूप से या इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर, इस ट्रिब्यूनल में व्यक्तिगत रूप से या आपके विधिवत अधिकृत एजेंट या कानूनी व्यवसायी के माध्यम से सेट अप, काउंटर क्लेम के लिए आपका बचाव या दावा प्रस्तुत करें।

सूचित हों कि निर्धारित दिवस एवं समय पर ट्रिब्यूनल में आपकी उपस्थिति की चूक की दशा में इस प्रकरण पर सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

दिनांक **16 सितम्बर, 2026** के दिन अधिकरण की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार
रजिस्ट्रार, ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून

नैनीताल: लोअर मालरोड पर फिर दौड़ने लगे वाहन

नैनीताल, संवाददाता। लंबे इंतजार के बाद सोमवार शाम लोअर मालरोड पर एक बार फिर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। स्थायी ट्रीटमेंट का कार्य पूरा होने के बाद मार्ग को दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए खोल दिया गया। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर यातायात का शुभारंभ किया। मार्ग खुलने से स्थानीय लोगों, पर्यटन कारोबारियों और नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

लोनिवि के सहायक अभियंता तुला राम टम्टा ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत लोअर मालरोड के स्थायी ट्रीटमेंट का कार्य पूरा कर लिया गया है। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सड़क को मजबूत किया गया है। इसके बाद मार्ग को दोपहिया और चौपहिया वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। गौरतलब है कि भूस्खलन के चलते लोअर मालरोड का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद यहां लंबे समय से यातायात बंद था। इसके चलते अपर मालरोड पर वाहनों का दबाव बढ़ गया था। व्यापारियों और होटल कारोबारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं, पर्यटकों को शहर में आवाजाही के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। लोअर मालरोड पर यातायात बहाल होने से अब शहर की यातायात व्यवस्था को राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर पर्यटन सीजन में अपर मालरोड पर वाहनों का दबाव कम करने और जाम की समस्या से निपटने में यह मार्ग अहम भूमिका निभाएगा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि सरकार नैनीताल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लोअर मालरोड का स्थायी ट्रीटमेंट पूरा होना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, लोनिवि के सहायक अभियंता तुला राम टम्टा और अवर अभियंता विवेक धर्मशक्तू आदि मौजूद रहे।

- ट्रीटमेंट का कार्य पूरा होने के बाद वाहनों के लिए खोला गया मार्ग
- कैबिनेट मंत्री कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ


नैनीताल में सोमवार को कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने लोअर माल रोड पर वाहनों के संचालन को हरी झंडी दिखाई।

पालिका खरीदेगी नौ नए वाहन, टेंडर प्रक्रिया शुरू

नैनीताल, संवाददाता। नगर क्षेत्र में कूड़ा उठान व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका नौ नए वाहन खरीदेगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और फिलहाल तकनीकी बिड की जांच की जा रही है।

अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि पालिका के अधिकांश कूड़ा वाहन काफी पुराने हो चुके हैं। वर्ष 2008-09 में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) के तहत एटूजेड कंपनी को कूड़ा प्रबंधन का प्रोजेक्ट दिया गया था। कंपनी के जाने के बाद हस्तांतरित हुए इन वाहनों पर कंपनी का नाम अंकित होने के कारण मरम्मत में दिक्कतें आ रही थीं। शासन से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) स्वीकृत होने के बाद नए वाहनों की खरीद शुरू की गई है। पालिका को कुल 11 वाहनों की आवश्यकता है, जिसमें पहले चरण में नौ वाहन खरीदे जाएंगे। इनमें हॉपर, टिपर, डंपर, बेलर और यूटिलिटी वाहन शामिल हैं। ईओ के अनुसार, नए वाहन मिलने से कूड़ा प्रबंधन में सुधार होगा।

- कूड़ा उठान व्यवस्था बेहतर बनाने को पहले चरण में होगी वाहनों की खरीद

देवभूमि सहकारिता समिति का 51.22 लाख का कारोबार

गरमपानी। देवभूमि उत्पादक स्वायत्त सहकारिता समिति गरमपानी-बेतालघाट ने बीते वित्तीय वर्ष में 51,22,496 रुपये का कारोबार किया। गरमपानी में हुए वार्षिक आमसभा में आय-व्यय का ब्योरा रखा गया।

मुख्य अतिथि एबीडीओ उमेश सनवाल, ब्लॉक प्रमुख अंकित साह ग्राम प्रधान उषा पिनारी का स्वागत किया। डॉ. अंजलि अग्रवाल ने किसानों को कृषि योजनाओं की जानकारी दी। वहीं लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। यहां बालम पिनारी, मुन्नी, नवीन चंद्र आदि रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबाबग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153 | **ई-नीलामी सूचना**

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" 6(2) और/या 8(6) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित 6(2) और/या 8(6) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तो एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां **"जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है"** के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का कानूनी नोटिस					
1.	**1. श्री शिव राम पुत्र श्री धानी राम (कर्जदार),** पता- पीएन-71, अर्जुन विहार कॉलोनी, जैनगर 4, दिनेशपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर - 263153 2. श्री देवेंद्र पुत्र श्री शिव राम (सह-कर्जदार), पता- पीएन-71, अर्जुन विहार कॉलोनी, जैनगर 4, दिनेशपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर- 263153 3. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री देवेंद्र (सह-कर्जदार), पता- पीएन-71, अर्जुन विहार कॉलोनी, जैनगर 4, दिनेशपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर - 263153	बंधक अचल सम्पत्ति (आवासीय घर) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 184 घ, प्लॉट सं. 71, ग्राम- जयनगर, तहसील- रुद्रपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मीटर। सम्पत्ति उप निबन्धक रुद्रपुर के कार्यालय में बही नं. 01, जिल्द नं. 1625, पृष्ठ सं. 247 से 268, क्रमांक सं. 8169, दिनांक 09.12.2019 के द्वारा शिव राम के पुत्र देवेंद्र एवं देवेंद्र की पत्नी पुष्पा देवी के नाम पर विधिवत पंजीकृत है। सेल डीड के अनुसार सीमायें - पूरब में अन्य की भूमि, पश्चिम में 9.14 मीटर चौड़ा रास्ता, उत्तर में अन्य की भूमि, दक्षिण में दूसरों की भूमि।	₹ 90,00,000.00 ईएमडी ₹ 9,00,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	05.12.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार सांकेतिक कब्जा	29.04.2026 22.07.2026 ₹ 30,43,722.25 (रुपये तीस लाख तिरालीस हजार सात सौ बाइस एवं पैसे पच्चीस मात्र) + (अप्राप्त ब्याज) + अनएप्लाइड ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क (दिनांक 05.01.2026 से) (दिनांक 05.01.2026 के बाद जमा राशि, यदि कोई हो, को घटाकर)

विक्रय के निबन्धन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htmtl एवं https://banknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0-8477000519, 8477009621, से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स दिनांक 03.11.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

नियम एवं शर्तों के लिए कृपया QR स्कैन करें

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 27.11.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 31.10.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर

प्राधिकृत अधिकारी

खनन से जुड़े पांच सौ वाहनों का स्वामित्व परिवर्तन अटका, रोष

हल्द्वानी, मुख्य संवाददाता। गौला और नंधौर नदी में खनन सत्र शुरू होने से पहले ही वाहनों के खनन गेट में स्वामित्व परिवर्तन (खनन गेट में रजिस्ट्रेशन में नाम परिवर्तन) का मुद्दा गरमाने लगा है। वाहन का स्वामित्व परिवर्तन नहीं हुआ तो नए वाहन मालिक को खनन की अनुमति नहीं मिलेगी।

गौला नदी में खनन के लिए रजिस्टर्ड 432 वाहनों का स्वामित्व परिवर्तन नहीं हो पा रहा है, जिससे खनन कारोबारियों में रोष है। ऐसा ही हाल नंधौर नदी का भी है, जहां 100 से अधिक वाहनों का मामला फंसा है। हैरानी की बात यह है कि नंधौर में रजिस्टर 3 हजार वाहनों में से केवल 15 सौ वाहन ही खनन कार्य से जुड़े हैं। निगम नंधौर के छह गेटों में नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए पिछले दो साल से प्रयासरत हैं। मामले में वन निगम के डीएलएम धीरेश बिष्ट ने बताया, वाहनों के स्वामित्व परिवर्तन की फाइल काफी पहले प्रशासन को भेजी जा चुकी है। गौला खनन मजदूर उत्थान समिति इस समस्या को वन निगम और जिलाधिकारी दोनों के समक्ष उठा चुकी है। 24 सितंबर को खनन कारोबारियों ने मामले में डीएम एलएम रयाल को ज्ञापन भी दे चुके हैं। कारोबारियों का कहना है कि बीते एक साल से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे उनमें भारी रोष है। समिति के अध्यक्ष आरसी जोशी ने कहा कि यदि जल्द ही स्वामित्व परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो वे खनन कार्य का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। इधर, गौला में जलस्तर अधिक होने के कारण खनन फिलहाल शुरू नहीं हो पाया है। गौला के सभी 11 गेटों में धर्मकांटों की मरम्मत का कार्य तेजी से करवा रहा है साथ ही खनन के लिए रजिस्टर वाहनों के री-रजिस्ट्रेशन के फॉर्म बांटने की प्रक्रिया जारी है।

- स्वामित्व परिवर्तन की फाइल प्रशासन को भेज चुका वन निगम
- मामले में जल्द ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को चेताया

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
13 Years Anniversary 2nd Feb 2023
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @svpayurvedaclinic.com